हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–135 : जौनपुर, बुधवार 25 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## निवेश एवं रोजगार थीम पर मनाया जा रहा है उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस –जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत मा0 काशीराम सामुदायिक भवन में करते हुए अपने सम्बोधन में कहा इस बार उत्तर प्रदेश दिवस 2023 की थीम निवेश एवं रोजगार रखी गयी है हाल ही में 19 जनवरी को जनपद में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था जिसमें निवेशकों द्वारा जनपद में कुल 3516 करोड़ का एम0ओ0यू0 हस्ताक्षर किए गये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस तीन दिवसीय स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के सम्बधित लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र एवं विभाग की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने उपस्थित सभी अधिकरियों से कहा कि 24 से 26 जनवरी 2023 तक लगने वाले प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित करें। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन करते हुए कहा कि समस्त विभाग पात्र लाभार्थियों को चयनित करते हुए योजनाओं का लाभ दे और अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कृषि विभाग, (मिलेट्स प्राकृतिक खेती एवं एग्री स्टार्टअप), उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सूचना विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उद्योग विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सेवायोजन विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जिला युवा कल्याण विभाग, गन्ना विकास विभाग, यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर सेटी) सिद्दीकपुर, कौशल विकास मिशन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लगाकर आमजनमानस को अपने–अपने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। प्रदर्शनी में सूचना विभाग द्वारा शासन से प्राप्त प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की योजनाओं का पुस्तक को आमजनमानस को वितरित



किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा रंगोली बनायी गयी जिसमें तीन उत्कृष्ट रंगोली बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 फार्म मशीनरी बैंक प्राप्त कृषकों को एवं प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। खेल विभाग द्वारा 04 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, पंचायत विभाग के 21 प्रधान एवं सेक्रेटरी को सम्मानित किया गया। उद्यान विभाग के 10 किसानों को सम्मानित किया गया। श्रम विभाग के पांच लाभार्थियों को 55000 रुपये से सम्मानित किया गया, एनआरएलएम की 15 समूहों का सीसीएल कराकर लाभान्वित कर सम्मानित किया गया। दिव्यांग कल्याण विभाग के द्वारा 05 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल दिया गया। इसीप्रकार बागवानी में 10 कृषको को, 05 अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय राज्य स्तर खिलाड़ियों को, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सचिवों एवं प्रधानों को, उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकास खण्ड के ग्राम महिला समूह को, राष्ट्रीय अजीविका मिशन समूहो को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरण किया गया। विभिन्न विभाग द्वारा लगाई गई स्टाल का अवलोकन जिलाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका ज्योति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती ममता सिंह यादव, अपर कृषि अधिकारी रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 शासन एवं जिला प्रशासन जौनपुर के निर्देश के क्रम में 24–26 जनवरी, 2023 की अवधि में ''उत्तर प्रदेश दिवस–2023'' को समारोह पूर्वक आयोजित कराये जाने के क्रम में 25 जनवरी 2023 को एथलेटिक्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में अण्डर–16 आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की 100मी0, 200मी0, 400मी0, 800मी0 व लम्बी कूद आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव थे। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके प्रदान कर श्री चंदन सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। इसके पश्चात चंदन सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी, पूजा यादव, कृष्ण कुमार यादव तथा कन्हैया सिंह यादव क्रमशः वॉलीबाल, एथलेटिक्स व कबड्डी के प्रशिक्षक द्वारा मार्ल्यापण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में पूर्व की अपेक्षा खेल गतिविधियों में बढ़ोत्तरी पर सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना किया गया। 25 जनवरी, 2023 को ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर समस्त खिलाड़ी, प्रशिक्षक, अधिकारी तथा मुख्य अतिथि द्वारा मतदाता शपथ भी ली गयी। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता समाप्ति उपरान्त प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के साथ ही निर्णायकों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग का परिणाम इस प्रकार है – 100 मी0 रेस– रवि यादव प्रथम, सचिन सरोज द्वितीय, दिपेश यादव तृतीय, 200 मी0 रेस– शुभम यादव प्रथम, रवि यादव द्वितीय, दिपेश यादव तृतीय, 400 मी0 रेस– शुभम यादव प्रथम, अभय यादव द्वितीय, शिवांकित तृतीय, 800 मी0 रेस– अभय यादव



प्रथम, अभय चौहान द्वितीय, सचिन सरोज तृतीय, लांग जम्प– विकास गुप्ता प्रथम, अंकित यादव, श्रेयांश यादव तृतीय। बालिका वर्ग का परिणाम इस प्रकार है– 100 मी0 रेस– दिव्यानी प्रथम, नैन्सी यादव द्वितीय, पूजा यादव तृतीय, 200 मी0 रेस– नैन्सी यादव प्रथम, अन्जू यादव द्वितीय, अंशिका यादव तृतीय, 400 मी0 रेस– शिवांगी यादव प्रथम, आयुषी यादव द्वितीय, शालिनी मौर्या तृतीय, 800 मी0 रेस– आंचल यादव प्रथम, आयुषी यादव द्वितीय, अन्जू यादव तृतीय, लांग जम्प– स्नेहा पाल प्रथम, सेजल यादव, शिवांगी यादव तृतीय। उक्त अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित मा0 कांशीराम सभागार में जनपद जौनपुर के प्रसिद्ध खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा अंगवस्त्रम एवं अभिनन्दन पत्र देकर सोमेश कुमार गुप्ता–तलवारबाजी, सभाजीत यादव–मैराथन दौड़, कु0 नम्रता यादव–ग्रैपलिंग कुश्ती तथा कु0 अर्चना यादव–जेवलिन थ्रो के लिए सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रदान की गयी। सभागार में खेल विभाग के प्रतिनिधि के रूप में सुजीत विश्वकर्मा, कार्यालय सहायक तथा राजकुमार यादव, तलवारबाजी प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## गैंगस्टर एक्ट का अपराधी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार : पैर में लगी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत स्वाट, सर्विलांस व थाना जलालपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट का वांछित शातिर लुटेरा गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस और बदमाश में हुई फायरिंग में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है।बदमाश के कब्जे से एक देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल बरामद किया गया। इस मामले में बुधवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गौरव शर्मा क्षेत्राधिकारी केराकत के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जलालपुर, व प्रभारी स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु जलालपुर थाना अन्तर्गत ग्राम ओइना नहर पुलिया पर संदिग्धा व्यक्ति, वाहन की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान सिंधौरा की तरफ से आ रहे एक मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया गया, मोटर साइकिल अनियंत्रित होने के कारण गाड़ी सहित गिर गया व पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगा, बदमाश द्वारा चलाई गई गोली प्रभारी निरीक्षक



जलालपुर के बीपी जैकेट में लगी, पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में बदमाश को गोली लगी और बदमाश को मौके पर ही पकड लिया गया। पकडे गये बदमाश से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम सौरभ गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता निवासी सेहमलपुर थाना जलालपुर, जौनपुर बताया, जो कि यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त है। बदमाश के कब्जे से एक देशी तमन्चा 315 बोर व एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल स्प्लेन्डर प्रो0 काला रंग बरामद किया गया। घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी रेहटी जलालपुर भेजा गया प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल जौनपुर के लिये रेफर कर दिया गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अपराधी के खिलाफ जनपद के बदलापुर बक्सा सिकरारा जलालपुर सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज है।एवम शातिर किस्म का लूटेरा है।

## जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते उन्हें सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं बनता–संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' के बैनर तले व्यापारियों ने प्रत्येक चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली ,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण कार्यक्रम कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारियों को चुनाव में जाति धर्म में ना बटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा उन्होंने कहा जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं है उन्होंने कहा हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितो को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक करना होगा संजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में व्यापारी अपने परिजनों के साथ वोटों का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखें उन्होंने कहा राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं अतः नागरिकों को इस




भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना चाहिए। शपथ कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, मोहम्मद सलीम, ट्रांस गोमती चेयरमैन अशोक यादव, प्रिंस कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, कोषाध्यक्ष रवि, लवलेन मार्केट के कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौस अहमद, भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सोलर इकाई के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ,प्राइम पैलेस के प्रभारी आशीष आनंद, रामकृष्ण शर्मा, विवेक श्रीवास्तव ,श्याम सुंदर अग्रवाल, देवराज अरोड़ा, अमित गुप्ता, मोहम्मद बशर, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तारिक आदि व्यापारी शामिल थे।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2023 की पूर्व संध्या पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्टीय हिन्दी मासिक/साप्ताहिक /दैनिक समाचार पत्र परिवार समूह

कार्यालय –उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

सम्पर्क सूत्र– 9415034002, 7828035046

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Deshkiupasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** को सही एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## मतदान दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा रैली का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय झबरेड़ा, हरिद्वार। राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हुन नारसन के छात्राओं शिक्षकों के नेतृत्व में मतदान दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को प्रधानाचार्य राकेश कुमार



शर्मा ने रवाना किया। इस अवसर पर आपने मतदान का लोकतंत्र में कितना महत्व है इसके बारे में जानकारी दें छात्राओं ने मतदान दिवस के उपलक्ष पर जोरदार मतदान से संबंधित नारे को क्षेत्र के जनता के बीच में पहुंचाया इसमें हिना, काजल, नेहा प्राची शिवम ने अपने मतदान संबंधी नारे से लोगों को प्रभावित किया। इस मतदान दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान लाठर देवा हुन के ममता देवी के प्रतिनिधि अशोक चौधरी ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संदीप वर्मा विपुल सालार रविंदर पाल सिंह जितेंद्र कुमार आलोक कुमार द्विवेदी दिनेश सिंह सुशील कुमार सूरजभान अनीता देवी समेत छात्राओं का योगदान रहा।

## बच्चें है निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर –अनिल अग्रवाल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये... सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लोगों ने मतदान करने की शपथ ली। इस



अवसर पर राजधानी में सेंट जोसेफ समूह की सभी शाखाओं में बच्चों को शत–प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ दिलवायी गयी। राजाजीपुरम् पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग सिंह के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजाजीपुरम् शाखा के बच्चों को मतदान करवाने की शपथ दिलवायी गयी। वही इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित निर्वाचन आयोग के बीएलओ व अनेक कर्मचारियों को मतदान करने व दूसरों से मतदान करवाने की शपथ दिलवायी। अनुराग सिंह ने बच्चों को भारतीय गणराज्य में मजबूत लोकतंत्र के लिये मतदान का महत्व भी बताया। बच्चों के साथ अध्यापिकाओं ने भी निष्पक्ष मतदान की महत्ता पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्धा निदेशक अनिल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि मतदान का दिन एक उत्सव की तरह मनाना चाहिये। साथ ही मतदान में देश के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिये। देश के सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है वे अपने मत का दान अवश्य करें क्योंकि सभी के मतदान करने से ही एक अच्छी सरकार चुन कर सामने आती है। उन्होने बच्चों से कहा कि वे निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर है तथा वे दूसरों को मतदान करने की प्रेरणा दे सकते हैं।

## फीस न जमा होने पर विश्वविद्यालय नहीं करेगा छात्रों को प्रवेश पत्र निर्गत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में 45 महाविद्यालयों के 2790 विद्यार्थियों की फीस महाविद्यालयों द्वारा नहीं जमा की गई है , अगर इनकी फीस नहीं जमा हुई तो विश्वविद्यालय प्रवेश पत्र निर्गत नहीं करेगा। विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव परीक्षा अजीत सिंह ने बताया कि 100 छात्राओं पर परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया था। छात्राओं और महाविद्यालय के हित को देखते हुए इस बार 50 छात्राओं पर परीक्षा केंद्र बनाया गया है लेकिन आगामी परीक्षा में यह छूट नहीं रहेगी । परीक्षा केंद्र 100 छात्राओं पर ही बनेगा। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी से महाविद्यालय की स्नातक, परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो रही है। उन्होंने महाविद्यालयों से छात्राओं की फीस शीघ्र जमा कराने का अनुरोध किया है ताकि उनका प्रवेश पत्र निर्गत किया जा सके।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जहां अभिमान होता है वहां अपमान की फीलिंग जरुर आती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मनमानी व्याख्याओं के बीच डॉ. अंबेडकर

राजनीतिक स्वार्थों के अनुसार डॉ. भीमराव आंबेडकर की सुविधाजनक स्वीकार्यता, उनके क्रांतिकारी विचारों पर पर्दा और जीवन से जुड़ी घटनाओं की भिन्न–भिन्न व्याख्याओं के बीच उनकी पत्नी डॉ. सविता अंबेडकर एक नई शख्सियत से परिचय कराती हैं। 1990 में प्रकाशित, मराठी में लिखित उनकी पुस्तक आंबेडकरांच्या सहसावात का उनके निधन के उन्नीस साल बाद अंग्रेजी में आई बाबासाहब : माई लाइफ विद डॉ. आंबेडकर सही परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन समाज और राजनीति से बाबासाहब के संघर्ष को पेश करती है। बाबासाहब के निजी जीवन, महिलाओं और परिवार के प्रति अब तक कम ज्ञात उनके विचार भी सामने आते हैं। 'मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ था, लेकिन उसमें रहकर मरूंगा नहीं', यह घोषणा कर बौद्ध बन जाने वाले डॉ. आंबेडकर क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे? प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से उनके विरोध का कारण क्या था? एक दौर में उन्हें ब्रिटिश सत्ता का चाटुकार बताया गया। हकीकत क्या थी?

'जाति के विनाश' का उनका मिशन कितना सफल रहा? उनके प्रति कुछ गैर–सवर्ण जातियों का व्यवहार कैसा था? 1947 में भारत जिस रूप में मिला था, उसे अक्षुण्ण रखने में बाबासाहब का क्या योगदान है? बाबासाहब के जीवन के अंतिम दशक में उनकी डॉक्टर, तीमारदार, सहायक, संगिनी और वस्तुतः संरक्षक रहीं डॉ. सविता की पुस्तक कई सवालों का जवाब देने के साथ ही बहुत सारी गुत्थियों को सुलझाने में मदद करती है। नेहरूकालीन भारत का एक बड़ा विवाद रहा है हिंदू कोड बिल। आम धारणा है कि इस बिल को प्रतिष्ठा का विषय बना बाबासाहब ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। सच यह है कि कोड बिल एकमात्र कारण नहीं था।

डॉ. सविता बताती हैं, बाबासाहब ने बिल तैयार करने से पहले व्यापक स्तर पर वेदों, पुराणों, शास्त्रों और स्मृतियों का अध्ययन किया, इसके साथ ही अन्य पुस्तकें पढ़कर नोट बनाने और किताबें लिखने का काम भी जारी रहता, मैं डॉक्टर होने के नाते उनसे थोड़ा आराम करने के लिए कहती, लेकिन हिंदू विशेषज्ञ और विद्वान सलाह–मशविरे के लिए आते रहते थे, नतीजतन उनकी आंखें और खराब हो गईं व सेहत भी गिरी। वह लिखती हैं, 'जब बाबासाहब बिल पेश करने की अनुमति लेने प्रधानमंत्री के पास गए, उन्होंने इसे मंजूर कराने का भरोसा दिलाया। लेकिन पांच फरवरी, 1951 को सदन में बिल प्रस्तुत करते ही हंगामा हो गया। लोकसभा अध्यक्ष मावलंकर, राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल और सरदार हुकुम सिंह ने खुलकर विरोध किया। बाबासाहब ने 10 अगस्त, 1951 को नेहरू को मार्मिक पत्र लिखा, मुझे और डॉक्टरों को मेरे स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। मैं चाहता हूं कि हिंदू कोड बिल पास हो जाए। प्रधानमंत्री जानते हैं, मैं इसे बहुत महत्व देता हूं।' नेहरू का उत्तर था, 'चीजों को सहजता से लीजिए, क्योंकि सदन के अंदर और बाहर बिल का विरोध हो रहा है।

कैबिनेट ने सितंबर में इस पर विचार का फैसला किया है।' बाद में बिल टुकड़ों–टुकड़ों में पास हो पाया। बाबासाहब को नेहरू से उम्मीदें थीं, जो पूरी नहीं हो पाईं। यह अपेक्षाओं की त्रासदी थी। नेताजी सुभाष के साथ भी यही हुआ था। नेहरू 'क्रांतिकारी मुद्दों' पर नेताजी का साथ देने के बजाय गांधीजी के हिसाब से चलते थे। संविधान का मसौदा पेश करने के समय तक बाबासाहब की सेहत काफी खराब हो चुकी थी। मधुमेह सहित कई बीमारियों से ग्रस्त बाबासाहब की नाभि के नीचे निकला फोड़ा ठीक नहीं हो पा रहा था। डॉ. सविता उनके साथ थीं। फोड़े पर दवा और ढेर सारी रुई की पट्टी बांधकर वह उन्हें ले गई थीं। उनके अनुरोध और राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अनुमति से फोम की विशेष कुर्सी संविधान निर्माता के लिए लाई गई। इस अवसर पर बाबासाहब के ऐतिहासिक भाषण को डॉ. सविता शिद्दत से याद करती हैं,द'भारत में जातियां हैं। ये जातियां राष्ट्रविरोधी हैं। क्योंकि, प्रथमतः ये सामाजिक जीवन में अलगाव लाती हैं। ये इसलिए भी राष्ट्रविरोधी हैं कि ये जाति और जाति के बीच ईर्ष्या व दुर्भाव पैदा करती हैं।

लेकिन यदि हमें वास्तव में एक राष्ट्र बनना है, तो इन सब कठिनाइयों पर काबू पाना होगा।' डॉ. सविता टिप्पणी करती हैं, 'उन्होंने अछूतों के लिए जो भी किया, उससे ज्यादा हिंदुओं के लिए किया। उन्होंने मानव प्रगति के मार्ग में आने वाली धार्मिक परंपराओं पर प्रहार किया। हिंदू पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों का उन्होंने प्रावधान किया। हिंदू धर्म में व्याप्त कुप्रथाओं की कठोर आलोचना कर समाज की आंखें खोल दीं।' नेहरू और इंदिरा गांधी ने आंबेडकर परिवार के लिए क्या किया? डॉ. सविता के शब्दों में, 'साहब के निधन के बाद नेहरू ने मुझे सरकारी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी बनाने का प्रस्ताव रखा था। वह राज्यसभा में भी भेजने को तैयार थे। अगर मैं राज्यसभा चली जाती, तो उसका अर्थ होता कांग्रेस के खेमे में संरक्षण और वह डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के खिलाफ होता।

बाद में राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन और इंदिरा गांधी ने भी राज्यसभा में भेजने का प्रस्ताव रखा था। मेरा उत्तर था, 'मेरे पति ने उम्र भर कांग्रेस से लड़ाई लड़ी। कांग्रेस में शामिल होना मुझे कभी रुचिकर नहीं हो सकता। मैं उनके उसूलों से विश्वासघात नहीं कर सकती।' सारस्वत ब्राह्मण परिवार में जन्मी डॉ. शारदा कबीर महार जाति के बीमार डॉ. आंबेडकर की दो–तीन महीने तीमारदारी करने स्वेच्छा से आई थीं। सविता आंबेडकर के रूप में वह हमेशा के लिए उनकी हो गईं। जाति का विनाश डॉ. आंबेडकर की परिकल्पना थी। 'शारू' ने उनसे विवाह कर पहले जाति के बंधन को तोड़ा और फिर उनके साथ बौद्ध हो गईं। इतनी परिपूर्ण जीवन संगिनी दुर्लभ ही होती है। विलायत से वकालत पढ़कर आने के बाद डॉ. आंबेडकर जज बनने की पेशकश मंजूर कर लेते, तो बेशक सुप्रीम कोर्ट तक जाते। सब कुछ छोड़ वकालत ही करते रहते, तो भारत के धनी वकीलों में शुमार हो जाते। पर क्रांतिकारी, चाहे राजनीतिक हों या सामाजिक, भौतिक सुख की कहां परवाह करते हैं! डॉ. सविता के अनुसार, बाबासाहब को आर्थिक चिंताएं रहती थीं।

व्यापक मानवीय मूल्यों को समर्पित महान व्यक्तियों के विचारों पर अमल प्रायः आधा–अधूरा रहता है या होता ही नहीं। बाबासाहब के साथ भी यह हुआ। जाति का विनाश मृग मरीचिका सिद्ध हुआ। खुद अनुसूचित जातियां बुरी तरह बंटी हैं। जाति और धर्म के सहारे राजनीतिक वर्चस्व सुगम हुआ है। डॉ. आंबेडकर के विचारों का भाष्य करें, तो लोकतंत्र तंदुरुस्त नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अब ढाबे भी होंगे वन थ्री और 5 स्टार : चलाया जा रहा है स्वच्छ ढाबा अभियान –आर आर अंबेश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद शाहाबाद के अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने ढाबा संचालकों के साथ बैठक करते हुए बताया कि राज्य सरकार निकायों में रोड साइड स्थित ढाबों पर एक स्वच्छ अभियान की शुरुआत की है। इसके जरिए सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करके प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाएगा, जन जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही ढाबों में स्वच्छ शौचालय बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। श्री अंबेश के अनुसार इसके तहत जनवरी से मार्च तक स्वच्छ ढाबों को चिन्हित किया जाएगा। मार्च के अंत में उन्हें स्टार रैंकिंग दी जाएगी। इसके जरिए सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करके प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाएगा। जन जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही ढाबों में स्वच्छ शौचालय बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी के अनुसार राज्य मिशन निदेशक नेहा शर्मा की ओर से इस संबंध में एक एसओपी जारी की गई है। इसके अनुसार नगरीय निकायों से अपेक्षा की जाती है कि वो अपने निकाय के अंतर्गत आने वाले रोड साइड ढाबों को चिन्हित करते हुए इस अभियान में ढाबों के आसपास के जनमानस को जागरूक करेंगे। इसके अलावा जनवरी से 30 मार्च तक चिन्हित ढाबों की



स्थिरता, रखरखाव बनाए रखने के लिए मॉनीटरिंग की जाएगी। 20 मार्च से 31 मार्च तक रैंकिंग के आधार पर सबसे स्वच्छ ढाबों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। ढाबों पर स्पिनिंग व्हील भी लगाया जाएगा, जो व्यक्ति पहिया घुमाएगा और सही जवाब देगा उसे जूट या अन्य रिसाइकिल से बने हैंडबैग देकर सम्मानित किया जाएगा। मार्च के अंत में अभियान में प्रतिभाग करने वाले ढाबों को स्टार रैंकिग मिलेगी। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक दीपक कुमार, लेखाकार असद खां, ढाबा संचालक अतुल गुप्ता, बृजेश कुमार, राजेश गुप्ता, मो अहमद खां, फैजुद्दीन,हसीन एवं जुनैद आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई स्वतंत्रता सेनानी जननायक कर्पुरी ठाकुर की जयंती

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक कर्पुरी ठाकुर जी की जयंती आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी जी ने कहा कि 24 जनवरी 1924 को बिहार राज्य के समस्तीपुर में एक महान जन नायक का जन्म हुआ। लोकप्रियता के कारण उन्हें जन नायक कहा जाता है। वह भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रहे। वह बाबा साहब के अनुयायी थे। वह सरल और सरस हृदय के राजनेता माने जाते थे। उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जन नायक कहा जाता है, वह सदा गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को आरक्षण दिया। उनका वक्तवय था कि ''हक चाहिए तो लड़ना सीखो, कदम– कदम पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो'' खाबरी ने उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्व0 जन नायक कर्पूरी ठाकुर जब बिहार राज्य के मुख्यमंत्री थे तो उनके रिशते में बहनोई उनके पास नौकरी के लिए गए और कहीं सिफारिश से नौकरी लगवाने के लिए कहा। उनकी बात सुनकर कर्पूरी ठाकुर गंभीर हो गए। उसके बाद उन्होंने अपनी जेब से पचास रुपये निकालकर उन्हें दिए और कहा, "जाइए, अपना निजी व्यवसाय आरंभ कीजिए।" खाबरी उनकी जीवन से जुड़ी एक घटाना पर



बात करते हुए कहा कि जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे तो एक बार उनकी पत्नी अपने इलाज हेतु सरकारी गाड़ी से अस्पताल जा रही थीं जिसकी जानकारी उन्हें मिली तो उन्होंने उनको रोका और कहा कि आप सरकारी गाड़ी का उपयोग न करें और साधन लेकर अस्पताल जाए। खाबरी ने कहा कि उनके जीवन से जुड़ी तमाम ऐसी घटनायें है जो उनको ईमानदार और जन नायक कहलाती हैं। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री तथा दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता के रूप में कार्य करते रहे। 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे। राजनीति में इतना लंबा सफर बिताने के बाद जब उनका निधन हुआ तो अपने परिवार को विरासत में देने के लिए एक मकान तक उनके नाम नहीं था। ना तो पटना में, न ही अपने पैतृक घर में वो एक इंच जमीन जोड़ पाए और न ही उनके खाते में एक रूपये था। यह उनकी ईमानदारी की बेमिसाल पराकाष्ठा थी। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक धीरेन्द्र सिंह धीरू, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष श्री शिव पाण्डेय, प्रदेश सचिव चन्द्रशेखर मिश्रा, मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हम्माम वहीद, राजेश सिंह काली, गोविन्द सिंह, शिप्रा अवस्थी, मेहताब जायसी, केडी शुक्ला आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## पंचायत के बीच फायरिंग का मामला : पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी घायल : गिरफ्तार

आजमगढ़ ब्यूरो : मेहनाजपुर में मंगलवार की सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक युवक की हत्या व दो अन्य को घायल किए जाने की घटना के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। कचहरी के पास से पुलिस ने उसे पकड़ा था और असलहा बरामदगी के लिए लेकर गई थी। इसी दौरान झाड़ी में छुपा कर रखे असलहे से पुलिस पर उसने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेहनाजपुर कस्बा के दक्षिण का पूरा में मंगलवार की सुबह आवास आवंटन को लेकर पंचायत थी। इसी दौरान पूर्व व वर्तमान प्रधान पक्ष के बीच विवाद हो गया। पूर्व प्रधान पक्ष की तरफ से ताबड़तोड़ लाइसेंसी असलहे से फायरिंग कर दिया गया। जिसमें प्रधान पक्ष के हिमांशू सिंह की मौत हो गई तो वहीं प्रधान का सारा काम देखने वाले प्रदीप सिंह व मुन्ना सिंह घायल हो गए। घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों में शामिल जितेंद्र यादव को पुलिस ने बुधवार की सुबह कचहरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस उसे लेकर असलहा बरामदगी के लिए मेहनाजपुर पहुंची। जहां एक झाड़ी से असलहा बरादगी कराने के दौरान जितेंद्र यादव ने पुलिस टीम पर पहले से छुपा कर रखे तमंचा से फायर कर भागने लगा।



पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया। जिसमें गोली जितेंद्र यादव के दाहिने पैर में लगी और पुलिस ने उसे पुनः पकड़ लिया। इसके बाद उसे सीएचसी मेहनाजपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल भेज कर भर्ती कराया गया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मुठभेड़ में मेहनाजपुर हत्याकांड का एक आरोपी पुलिस की गोली से घायल हो गया है। जिसें पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। संभावित स्थानों पर दबिश की कवायद चल रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। – शैलेंद्र लाल, एएसपी सिटी, आजमगढ़।

## रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा आपरेशन आमानत का किया जा रहा संचालन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवसो में मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर आपरेशन अमानत का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 23.01.2023 को सु.नि.क. से सूचना प्राप्त हुई कि गाडी संख्या 13006 अमृतसर हावड़ा एक्स. के कोच संख्या एस–5 सीट नं0–20 से 24 पर काले रंग का बैग छूट गया की सूचना पर उप निरीक्षक रमेश कुमार रावत द्वारा गाड़ी को अटेण्ड कर उक्त बैग को प्राप्त कर लखनऊ पोस्ट पर सुरक्षित रखा गया तथा यात्री के मो. पर सूचित किया गया, कुछ समय उपरान्त यात्री सरोज कुमार पुत्र गजराज उम्र 23 वर्ष निवासी 3675/561 गली संख्या 05 न्यू माधोपुरी बस्ती जोधेवाल लुधियाना मो. नं. 8054405831 के पोस्ट पर उपस्थित होकर उक्त बैग की मांग करने पर पूर्ण संतुष्टि उपरान्त उप निरीक्षक रमेश कुमार रावत रे. सु.ब. पोस्ट लखनऊ मेन द्वारा ठीक–ठीक सुपुर्द किया गया। दिनांक 20.01.23 को गाड़ी संख्या 20504 राजधानी एक्सप्रेस के कोच नंबर I–1 की सीट संख्या 46 पर एक बैग मिला जिसको सुरक्षित वाराणसी पोस्ट पर लाया गया बैग में रखे कागजात में दर्ज मोबाइल नंबर पर सूचित किया गया जिसके उपरांत दिनांक 23/01/23 को एक व्यक्ति शिवास मिश्रा ने कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त सामान की मांग की जिस पर उपनिरीक्षक राम कंवर द्वारा पूर्ण संतुष्टि के उपरांत उक्त सामान उस व्यक्ति केसुपुर्द किया गया। दिनांक 21.01.23 को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 20504 राजधानी एक्सप्रेस कोच नंबर I–1 सीट नंबर 31 शिकायतकर्ता यात्री श्री चंदा का बैग छूट गया है कि सूचना पर




उपरोक्त गाड़ी के वाराणसी आगमन पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारी द्वारा गाड़ी को अटेंड कर उक्त बैग को सुरक्षित लाकर पोस्ट पर रखा गया इस बैग को लेने हेतु दिनांक 23.01.23 को एक व्यक्ति हेमंत कुमार कार्यालय उपस्थित हुआ स आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करके संतुष्टहोने के उपरांत उक्त बैग को सही सलामत यात्री के सुपुर्द किया गया । दिनांक 22.01.23 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ द्वारा सूचना मिली की गाड़ी संख्या 13009 दून एक्सप्रेस के कोच संख्या बी 4 बर्थ नंबर 43 पर यात्री संतोष कुमार का लाल रंग का बैग छूट गया है सूचना पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारी द्वारा उक्त गाड़ी के जफराबाद आगमन समय 13/10 प्लेटफार्म नं.2 पर आने के उपरांत इसे अटेंड किया गया तो बताये अनुसार लाल रंग का बैग मिला जिसे सुरक्षित उतार कर पोस्ट कार्यालय रखा गया व यात्री के मोबाइल नंबर व मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ को सूचित किया गया। दिनांक 23.01.23 को यात्री संतोष कुमार पोस्ट जफराबाद कार्यालय में उपस्थित हुए एवं उक्त बैग के बारे में बताकर मांग करने पर इस यात्री से पूछताछ की गई एवं संतुष्टहोने के उपरांत उक्त सामान को सही सलामत यात्री के सुपुर्द किया गया। रेलवे के उक्त कार्य हेतु सम्बंधित यात्रियों द्वारा रेल सुरक्षा बल कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया तथा रेल प्रशासन के योगदान की भूरि भूरि प्रशन्सा की गई।

## केन्द्र की योजनाओं में अग्रणी भूमिका निभा रहा है उत्तर प्रदेश –धीरेन्द्र श्रीवास्तव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद शाहाबाद में बुधवार को यूपी दिवस पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। पालिका परिषद के सभागार में भव्य व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की क्षेत्रवासियों को बधाई दी।उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रचुर संसाधनों और युवा ऊर्जा से भरपूर उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार में आज भारत में दूसरे स्थान पर है। वहीं केंद्र सरकार की लगभग 50 योजनाओं में वह अग्रणी भूमिका निभा रहा है।और उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब राष्ट्र में दूसरे स्थान पर है।कहा कि शासन की योजनाओं का सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि नागरिक भी साफ सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में राज्य सरकार की योजनाओं वाले दर्जनों स्टाल लगाये गए। प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकर्मों का आयोजन गया। जिसमें पी एम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स शांति देवी, वी पी सिंह, रमाकांत, नन्हें लाल,गुलफाम, लज्जाराम को पी एम स्वनिधि प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। और पी एम आवास योजना के अंतर्गत संतोष कुमार, हुसेना, गुलशन, अजहर अली,राम निवास को आवास की चाबी प्रदान की गई तथा सफाई मित्र राजेन्द्र, मनफूल, गौरव, अमित,श्याम बाबू को साल उढ़ाकर ,प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन उप जिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर किशवा, अवंतिका, आशी, आसनी, आलिया आदि ने वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया। सुप्रसिद्ध गीतकार टी एस राजू ने भोजपुरी एवं मनोहारी गीत सुनाकर दर्शकों को लोट पोट कर




दिया। इस कार्यक्रम में स्टाल और कार्यक्रमों के जरिए सरकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया गया। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में संस्कृति, इतिहास, परंपरा, शिल्प, कौशल तथा प्रदेश की अन्य विविधताओं का प्रदर्शन एवं राज्य हित में, प्रदेश सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं भी प्रारम्भ की गई हैं।प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व परियोजनाओं को जनमानस की सूचनार्थ विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा बहुत से स्टाल तथा प्रदर्शनियों के माध्यम से भी दर्शाया गया है। बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस का लक्ष्य है कि प्रदेश के विभिन्न भागों में रह रहे लोगों को यहां के इतिहास, संस्कृति तथा विकास की जानकारी प्रदान की गई व प्रदेश सरकार द्वारा वृहद संभाव्य क्षेत्रों में निवेश हेतु उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। तदोपरांत उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर शाहाबाद में स्थापित गौशाला में उपजिलाधिकारी ने गो पूजन किया गया।तिलक लगाकर गायों को गुड़ ,केला आदि खिलाया गया। कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक दीपक कुमार,लेखाकार असद खां, नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या नुरुल हुमा, पुष्पांजलि श्रीवास्तव, वर्तिका शुक्ला, वैशाली यादव, शशि शुक्ला, आयशा परवीन, ऊषा देवी, रुचि दुबे,वंदना दीक्षित एवं देवेन्द्र प्रताप गुप्ता,रोहित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में सभ्रांत जन मौजूद रहे।

## ट्रक की चपेट में आकर तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत : मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर में बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर रोड पर स्थित अंबेडकर चौराहे के पास मंगलवार की रात करीब पौने 12 बजे एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक पर तीन मजदूरों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, ग्राम ऊदपुर गेल्हवा दाउदपुर थाना बदलापुर निवासी फूलचंद(35) व उसी गांव के कुलदीप पांडे(33) पुत्र राम सागर, ग्राम सरोखनपुर थाना बदलापुर निवासी वीरेंद्र उर्फ फूलचंद (30) पुत्र रामकिशोर एक ही बाइक से रात में गल्ला मंडी से घर जा रहे थे। जैसे ही तीनों डॉ. भीमराव अम्बेडकर



तिराहा के पहुंचे थे कि सामने से शाहगंज की ओर से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों गल्ला मंडी में पल्लदारी का काम करते थे। रात का समय होने के कारण काफी देर तक किसी को पता नहीं चला। बाद में राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

## 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक मामलों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल की तृतीय बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार वश्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को समय 04:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में श्रीमती रीता कौशिक, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जौनपुर द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को सम्मन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु




निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम एवं कुलदीप कुमार, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय, प्रभारी सचिव/सिविल जज सी0डि0, जौनपुर व परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रभारी सचिव/सिविल जज सी0डि0, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर ने दिया है।

## बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जौनपुर सू.वि. : जनपद में 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सभी विधानसभा क्षेत्रों में, सभी विभागों के कार्यालयों में व समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता शपथ दिलाई गई। मुख्य कार्यक्रम टी0डी0 इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण ने अतिथियों को बुके देकर मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाकर स्वागत किया। जनक कुमारी इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग का नया गीत ''मैं भारत हूँ'' प्रसारित किया गया। इस अवसर पर 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले नये बने मतदाताओं को वोटर कार्ड प्रदान किया गया। तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सदर विधानसभा से संगीता देवी, शशिकला सिंह, उर्मिला दुबे, भारतीय देवी, मल्हनी विधानसभा से रविन्द्र यादव, जफराबाद विधानसभा से खुशबू व अंगद यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अतिथियों ने सम्मानित किया गया। इसके पूर्व रजा डी एम शीया इ. का., नगर पालिका इ. का. मोहम्मद हसन इ. का. जनक कुमारी इ. का., बीआरपी इ. का. गुलाबी देवी इ. का. राजा श्री कृष्ण इ. का. टीडी महिला महाविद्यालय से कालेज के छात्र छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहाँ पर थीम– ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम'' विषय पर–रंगोली, मेंहदी, पोस्टर, प्रतियोगिता आज आयोजित हुई। अतिथियों ने छात्र–छात्राओं द्वारा बनाये गये रंगोली, पोस्टर, तथा मेंहदी का अवलोकन किया तथा सरहना की। रंगोली प्रतियोगिता में टी.डी. इं. का. प्रथम, गुलाबी देवी बालिका इ. का. द्वितीय जनक कुमारी इण्टर कालेज तृतीय, व बी आर पी इ. का. चतुर्थ स्थान पर रहे मेंहदी प्रतियोगिता टी डी इन्टर कालेज



प्रथम, जनक कुमारी इ. का. द्वितीय, बी आर पी इ. का. तृतीय, तथा पोस्टर में रिया यादव जनक कुमारी प्रथम व आदर्श यादव टी डी इ. का द्वितीय एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम जनक कुमारी इ. का. को पुरस्कार के रुप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने छात्र/छात्राओ, शिक्षकों, कर्मचारियों व उपस्थित अन्य लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। इसी क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय सभागार में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य की उपस्थिति में मतदाता शपथ दिलाई गयी। टी0डी0 इण्टर कालेज में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई तथा निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जनवरी 2011 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाना घोषित हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति आपका मत है इसलिए इसके प्रति जागरूक बने और अपने मत का उपयोग जरुर किया करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार ने कहा कि हर मतदाता को गर्व करना चाहिए कि उसे मतदाता के रुप में महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त है, इसलिए 18 वर्ष आयु पूरी करने के बाद मतदाता अवश्य बने। आभार प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै0 मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य, डा जंग बहादुर सिंह, डा0 सुभाषचंद्र सिंह, डा उदयभान सिंह, डा सुनील सिंह, सलमान शेख, डा0 रमेश चन्द्र सिंह, डा0 सजीव चौबे, सयुक्त लता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा खाद एवं रसद विभाग खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा खाद एवं रसद विभाग (आपूर्ति/विपणन) एवं खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में की गई । बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राशन कार्ड में अपात्रों का नाम हटाकर पात्र लोगों का नाम जोड़ा जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को निर्देशित किया कि जिन पूर्ति निरीक्षकों की आइजीआरएस में शिकायतें अधिक लंबित है उन पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण के दौरान दुकानों का निरीक्षण अवश्य करें। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आधार सीडिंग शत–प्रतिशत पूर्ण करें। जिलाधिकारी के द्वारा सिंगल स्टेज खाद्यान्न उठान की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि साक्षी एवं विनय प्रताप ट्रांसपोर्ट अपने वाहनों की संख्या बढ़ाते हुए उठान में प्रगति लाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा विस्तार से धान क्रय की वर्तमान समीक्षा की गई और डिप्टी आरएमओ रिपुंजय पाठक को निर्देशित किया कि सभी से समन्वय करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोहिया पार्क एवं किला के पास क्लीन स्ट्रीट फूड वेंडर बनाए जाने की योजना बनाई जाए। स्ट्रीट वेंडरों को फास्टट्रैक ट्रेनिंग दिलाई जाए। मुख्य खाद्य



सुरक्षा अधिकारी अनिल राय को निर्देशित किया कि कैंप लगाकर दुकानों का लाइसेंस जारी किया जाए और प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाए । उन्होंने कहा कि जो लोग अर्थदंड नहीं दे रहे हैं उन्हें आरसी जारी करें। जनपद की छोटी बड़ी दुकानों पर ग्राहकों के जागरूकता के संबंध में स्लोगन/बैनर, पोस्टर लिखवाया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ठेले वालों को साफ–सफाई धूल से बचाने अच्छे तेल के प्रयोग करने एवं साफ सुथरा सामान बेचने हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी आपूर्ति निरीक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पीयू के अंबेसेडरों ने जी–20 में किया प्रतिभाग


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित जी–20 कान्क्लेव में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की तरफ से नोडल अधिकारी डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय और मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार ने अंबेसेडर के रूप में



प्रतिभाग किया। यह कान्क्लेव उत्तर प्रदेश सरकार और लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किया गया है। संगोष्ठी में कहा गया कि भारत जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है। इससे यह साबित होता है कि दुनिया में भारत आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से ताकतवर हुआ है। इसे जन–जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जी–20 का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत है। आनेवाले अतिथियों को हम अपने अच्छे होने का परिचय दें। इसके लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर और अपने से संबंधित महाविद्यालयों में कार्यक्रम कराकर शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर बोबड़े, विशेष सचिव अखिलेश मिश्र, डॉ स्वास्ति राव, संजय मेथावी समेत उप्र के विश्वविद्यालयों के अंबेसेडरों ने प्रतिभाग किया।

## सूरज की पहली किरण होती है बेटियां – कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषयक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कार्यस्थल पर महिलाओं के सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर निर्मला




एस. मौर्य ने कहा कि भाई आगे बढ़ेंगे तो बहनों की रक्षा होंगी। बालिकाओं को आगे लाने में पुरुष हर कदम पर उनका साथ दें। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की सदी है। नारी बस समाज में स्नेह और सम्मान चाहती है।महिलाएं पुरूषों से अब कंधे से कंधा मिला कर आगे आना चाहती है उसे आगे आने देना चाहिए। सूरज की पहली किरण होती है बिटिया अपनी स्वरचित कविता सुनाया। बतौर आमंत्रित वक्ता जिजीविषा सोसाइटी की अध्यक्ष मंजरी उपाध्याय ने भवरी देवी से लेकर निर्भया के प्रकरण की चर्चा की. उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों को जानें। विषय प्रवर्तन एवं संचालन कार्यक्रम की संयोजक व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनु त्यागी ने किया। इस अवसर पर प्रो मानस पांडेय, प्रो देवराज सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद यादव, डॉ माया सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ पूनम श्रीवास्तव,जया शुक्ला, सोनम झा, गार्गी मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मतदान लोकतंत्र का आभूषण –प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज, समोधपुर, जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दिनांक 25 जनवरी,2023 को प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' के संरक्षकत्व में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह की अध्यक्षता में सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ लालमणि प्रजापति के द्वारा मतदाता शपथ दिलाई




गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सिंह ने छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहा कि मतदान लोकतंत्र का आभूषण है और चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें प्रत्येक मतदाता को इस पर्व में भाग लेना चाहिए।उन्होंने 'पहले मतदान फिर जलपान' का नारा दिया और उसके बाद मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रैली महाविद्यालय परिसर से जमौली मलिन बस्ती तक गई और लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। पुनः वापस महाविद्यालय परिसर में लौट आई।इस अवसर पर प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, प्रोफेसर राकेश कुमार यादव, डॉ नीलमणि सिंह, डॉ अविनाश वर्मा, डॉ पंकज सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह,डॉ नीलू सिंह, श्री विकास कुमार यादव, श्री जितेन्द्र कुमार,श्रीमती नीलम सिंह, डॉ संदीप कुमार सिंह डॉ मनोज कुमार सिंह व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्द्र बहादुर सिंह एवं डॉ आलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया ।

## देश में स्टार्टअप के लिए है अनुकूल माहौल– डीएम

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्टार्टअप को नई दिशा देने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह इन्क्यूबेशन सेंटर युवाओं के विचारों को रूप देने में हर स्तर पर मदद करेगा। बेहतरीन आईडिया देने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में स्टार्टअप एवं नवाचार संभावनाएं एवं प्रक्रिया विषयक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जौनपुर मनीष वर्मा ने कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमारे इकोसिस्टम में बड़ा परिवर्तन आया है। देश में स्टार्टअप के लिए बहुत ही अनुकूल माहौल तैयार है इसके लिए युवा आगे आए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कैंपस किताबी ज्ञान से ऊपर उठकर आपको ऐसी चीजें सीखा रहा है जिससे आप अपना बिजनेस एम्पायर खड़ा कर सकते है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि बाजार बहुत बड़ा है बस युवा अपनी सोच को सही दिशा में ले जाये।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कलाओं को पुनः नई पहचान देने का काम किया है।आज बहुत सारे युवा अपने स्टार्टअप के बदौलत आर्थिक सम्पन्न हो रहे है और दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे है।विश्वविद्यालय पढ़ाई के साथ ही प्रतिभाओं को निखारने के लिए



मंच प्रदान कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राफ्ट एवं रिवर्स के निदेशक ने नृपेन चारवाक ने कहा कि आइडिया और अवसर आपके पास है इनोवेशन करें और आइडिया से पैसे कमाएं। उन्होंने कहा कि इंटरप्रोनेरशिप के लिए बड़े सपने देखें और उसको पूरा करने के लिए मेहनत करें। अतिथियों का स्वागत करते हुए इनक्यूबेशन सेंटर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर अविनाश डी पाथर्डीकर इनक्यूबेशन सेंटर के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह, प्रो मानस पांडेय, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो वंदना राय, प्रो बीड़ी शर्मा, प्रो अजय प्रताप सिंह , प्रो प्रदीप कुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ राज बहादुर यादव, डॉ संतोष कुमार, डॉ राजकुमार डॉ मनीष गुप्ता, डॉ रासिकेश, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,एआर अजीत सिंह, बबिता सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

**शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्टार्टअप के दिए गए टिप्स**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए स्टार्टप्स नवाचार, संभावनाएं एवं प्रक्रिया विषयक कार्यशाला में दो सत्रों का आयोजन किया गया। फार्मेसी संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर में शिक्षकों एवं रज्जू भइया संस्थान में विद्यार्थियों के साथ राफ्ट एवं रिवर्स के निदेशक ने नृपेन चारवाक ने स्टार्टअप को शुरू करने से लेकर उसमें आने वाली चुनौतियां से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत स्टार्टअप फेल हो जाते है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण सही मेंटरशिप न होना है।

## कुलपति ने चुनाव में मतदान करने की दिलाई शपथ

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की उपस्थिति में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शिक्षक, छात्र और विद्यार्थियों को चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई । यह समारोह निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की ओर से मैं भारत हूं गीत का गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि मतदान दिवस बनाने का मुख्य कारण है कि लोगो को मतदान के महत्व को बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और सही उम्मीदवार को चुने जिससे हमारा देश विकास की ओर अग्रसर हो। इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने मतदाताओं को जागरूक किया और उनके मत की कीमत को समझाया। समारोह का संचालन कार्यक्रम संयोजक डा मनोज पांडेय ने किया। इसके बाद वोट जैसा कुछ नहीं, वोट डालेंगे हम जरूर विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसके बाद प्रबंध अध्ययन संकाय में मतदान हमारा अधिकार विषय पर स्लोगन लेखन कविता पाठ मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय. परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, एआर,. अजीत सिंह, बबिती सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, डा. राजकुमार, डा. संतोष कुमार, डा. रसिकेश, डा. सुनील कुमार, डा. मंगल प्रसाद आदि उपस्थित थे।












# ताश के पत्तों की तरह ढहा पांच मंजिला अपार्टमेंट : मलबे में दबे 14 लोग निकाले गए : रेस्क्यू जारी

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में मंगलवार शाम खौफनाक हादसे में वजीर हसन रोड स्थित पांच मंजिला अपार्टमेंट अलाया ताश के पत्तों की तरह ढह गया। मलबे में तीस से अधिक लोग दब गए। सूचना पर पुलिस, दमकल, एसडीआरएफ और सेना के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर अब तक 14 लोगों को बाहर निकाल अस्पताल में भर्ती कराया है। बाकी फंसे लोगों को निकालने के लिए राहत–बचाव कार्य जारी है। लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि रिहायशी इमारत गिरने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अभी ऑपरेशन जारी रहेगा। 5–6 लोग फंसे हैं। हमने उनमें से कुछ से संपर्क किया है। उन्हें ऑक्सीजन मुहैया कराई जा रही है। डीजीपी डीएस चौहान ने बताया कि पांच लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। उन्हें उचित ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। वे एक ही कमरे में हैं। हम दो लोगों के संपर्क में हैं। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की उचित जांच की जाएगी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व नगर विकास मंत्री एके शर्मा समेत शासन प्रशासन के तमाम आलाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। पांच मंजिला अलाया अपार्टमेंट में कुल 12 फ्लैट हैं। सबसे ऊपर एक पेंटहाउस है। शाम करीब साढ़े छह बजे अचानक से ये इमारत ढह गई। इलाकाई लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर राहत बचाव कार्य के लिए पुलिस के अलावा एसडीआरएफ, सेना व दमकल के जवान पहुंचे। देर रात एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। तीन चार जेसीबी लगाकर मलबा हटाकर व हैंड ड्रिलिंग मशीन की मदद से मलबे को काटकर फंसे लोगों को बाहर निकाला जाने लगा। देर रात तक टीमें एक एक 12 लोगों को बाहर निकाला। मलबा इतना अधिक है कि उसको हटाने में लंबा वक्त लगेगा। डीजीपी डीएस चौहान ने बताया कि जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त आठ से दस परिवार मौजूद थे। इस वजह से हुआ हादसा पुलिस के मुताबिक भूतल पार्किंग में पानी का रिसाव हो रहा था। इसलिए मालिक वहां पर पाइप डलवाने के लिए काम करवा रहा था। तीन दिनों से काम जारी था। ड्रिलिंग मशीन से खोदाई की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक अंडरग्राउंड एक कमरे का भी निर्माण कराया जा रहा था। आशंका है कि इसी दौरान इमारत का फाउंडेशन ग्रिड डैमेज हुआ। जिसकी वजह से पूरी इमारत ढह गई। मोबाइल से बात करते रहे दबे लोग डीजीपी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम मलबे में दबे लोगों के संपर्क में है। एक मोबाइल फोन फंसे लोगों को दिया गया है। जिससे बातचीत हो रही है। फिलहाल वह सुरक्षित हैं। प्रयास है कि इन सभी को जल्द से जल्द बाहर निकाला जाए। सपा नेता के परिजन दबे मलबे में दबने वाले लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। इसमें कुछ परिवार राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं से जुड़े हुए भी बताए जा रहे हैं। सपा प्रवक्ता हैदर अब्बास की मां बेगम आमिर हैदर और पत्नी उजमा मलबे में दबे हुए हैं। उनके पिता आमिर हैदर व बेटा मुस्तफा को सुरक्षित निकाल लिया गया। वह खुद अपने परिवार को बचाने की गुहार अधिकारियों से लगाते हुए बाहर मौजूद रहे। पूर्व मंत्री का ये है कनेक्शन सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर के बेटे व भतीजे की ये जमीन थे। जिस पर बिल्डर एग्रीमेंट कर याजदान बिल्डर ने अपार्टमेंट बनवाया था। जिसमें फ्लैट नंबर 401 शाहिद मंजूर का भी है। जिसमें उनकी बेटी व दामाद रहते हैं। बचाव कार्य हमारी प्राथमिकता डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि हादसा दुःखद है। किस वजह से बिल्डिंग गिरी। इसकी जांच कराई जाएगी। अभी हमारी प्राथमिकता अंदर फंसे लोगों का बचाव कार्य है। डिप्टी सीएम ने शहर के सभी अस्पतालों को अलर्ट किया। तत्काल डॉक्टरों को ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए। सभी



ब्लड बैंक से संपर्क कर पर्याप्त ब्लड का इंतजाम करने का भी आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने लिया हादसे पर अपडेट हादसे के तुरंत बाद खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीएम सूर्यपाल गंगवार ने पूरे हादसे पर अपडेट लिया। बचाव कार्य तेजी से कराने के निर्देश भी दिए। वहीं शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इनमें प्रमुख सचिव सूचना व गृह संजय प्रसाद, डीजीपी डीएस चौहान, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर भी मौके पर पहुंच गए। डीजीपी का दावाः 12 निकाले गए, 5–6 लोग और फंसे रात करीब 12 बजे डीसीपी डीएस चौहान ने प्रकरण में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त इमारत में करीब 18 लोग मौजूद थे। जिसमें 12 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। पांच से छह और लोगों के दबे होने की आशंका है। राहत बचाव कार्य लगातार जारी है। ड्रिलिंग को लेकर हुआ था विवाद अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 301 में आलोका अवस्थी रहती हैं। उनके साथ उनकी मां रंजना भी रहती हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग ही अवैध बनी है। फिर भी निर्माण कार्य जारी था। सोमवार को जब ड्रिलिंग हो रही थी तब उन्होंने विरोध किया था, इस पर विवाद हुआ था। मंगलवार को भी दोपहर में इसी बात पर कहासुनी हुई थी लेकिन काम जारी रहा। कुछ ही घंटे बाद इतना बड़ा हादसा हो गया। ये हुए घायलः 1– मोहम्मद यूसुफ खान 2– अशल्यू वंश 3– मुस्तफा 4– नसरीन खान 5– आमिर हैदर6– रंजना अवस्थी 7– आलोका अवस्थी 8– खालिद 9– उन्नति 10– हामिद दो अन्य आनन–फानन में वार्ड में शिफ्ट किए गए कैजुअल्टी के मरीज वजीरहसन रोड पर स्थित आलिया अपार्टमेंट ढहने की सूचना मिलते ही राजधानी के प्रमुख अस्पतालों को एलर्ट कर दिया गया। पूरी बिल्डिंग ढहने की वजह से घायलों की संख्या ज्यादा होने की आशंका थी, इसलिए कैजुअल्टी में मौजूद मरीजों को आनन–फानन में अन्य वार्ड में शिफ्ट कराया गया। इमरजेंसी ड्यूटी के लिए डॉक्टर और अन्य स्टाफ को तुरंत पहुचंने के लिए कहा गया। इसके साथ ही केजीएमयू के ट्रॉमा विशेषज्ञों की टीम भी मौके पर भेजी गई। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के अधीक्षक और ट्रॉमा विभाग के अध्यक्ष प्रो. संदीप तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर छह विशेषज्ञों की टीम भेजी गई है। ये विशेषज्ञ घायलों को मौके पर ही जरूरी प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराएंगे। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाने के साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। टीम को मरीजों की गंभीरता के हिसाब से वे उनको जरूरी अस्पताल भेजने के लिए भी कहा गया। ट्रॉमा सेंटर में घायलों के पहुंचने की आशंका को देखते हुए 30 बेड आरक्षित करके जरूरी स्टाफ को मौके पर बुला लिया गया। उधर सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने सरकारी अस्पतालों को मरीजों के हिसाब से तैयार रहने को कहा गया है। इसके साथ ही आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टरों को बुला लिया गया है। जिससे कि हर घायल को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सके। पहली प्राथमिकता फंसे लोगों का निकालना हादसे की सूचना पाते ही मौके पर उप–मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे। उन्होंने शहर के सभी अस्पतालों को अलर्ट करने के साथ ही ब्लड की व्यवस्था और नाइट शिफ्ट के डाक्टरों को तत्काल ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहली प्राथमिकता अपार्टमेंट में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाले गए हैं। रही बात बिल्डिंग के निर्माण की गुणवत्ता की तो उसे बाद मे देखेंगे। हादसे जो कोई दोषी होगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। प्रवक्ता के घायल होने की सूचना पहुंचे सपा विधायक मध्य क्षेत्र से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा भी हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्बास हैदर के पिता अमीर हैदर व बेटे मुस्तफा को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पत्नी उजमा और मां बेगम अमीर हैदर अभी भी मलबे में दबे हैं। सोमवार को हीअब्बास हैदर के माता–पिता के शादी की 50वीं सालगिरह थी। घर मे पार्टी का आयोजन हुआ था और उसके अगले ही दिन इतना बड़ा हादसा हो गया। राजनाथ ने जताया दुख अलाया अपार्टमेंट गिरने की घटना पर लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, लखनऊ में एक भवन गिरने से हुआ हादसा बेहद दुखद है। घायलों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घटना के संदर्भ में जिलाधिकारी ने मुझे स्थिति की जानकारी दी है। राज्य सरकार की देखरेख में प्रशासन हर संभव मदद में जुटा है। सभी घायलों के शीर्घ स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# गीडा में आवंटित भूमि के 65 प्रतिशत हिस्से पर करा सकेंगे निर्माण : निवेशकों को दी गई राहत

गोरखपुर ब्यूरो : ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2023 को लेकर गीडा की नई भवन नियमावली ने निवेशकों की नई राह खोल दी है। अब निवेशक किसी भी औद्योगिक भूखंड का 65 प्रतिशत तक हिस्सा निर्माण के लिए प्रयोग कर सकेंगे। जबकि पहले यह दायरा 60 प्रतिशत तक था। गीडा ने फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को भी डेढ़ गुना कर दिया है। गीडा को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है। इसमें से करीब 54 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव गीडा को प्राप्त भी हो चुका हैं। इसी क्रम में गीडा ने भवन नियमावली में संशोधन कर निवेशकों की राहत को और आसान कर दिया है। गीडा की पुरानी भवन नियमावली में औद्योगिक भूखंड का आच्छादन 50 से 60 प्रतिशत था। यानी यदि 100 वर्ग मीटर का भूखंड है तो अधिकतम 60 प्रतिशत क्षेत्रफल पर निर्माण हो सकता था। एफएआर .6 से 1.20 था। यानी भूतल से लेकर ऊपर के तलों को मिलाकर अधिकतम 120 वर्ग मीटर तक निर्माण हो सकता था। अब भूतल पर 65 वर्ग मीटर तक निर्माण निवेशक कर सकेंगे। एफएआर मिलाकर 150 वर्ग मीटर तक निर्माण करा सकेंगे। इस पहल से निवेशकों को काफी राहत होगी। साथ ही वे अधिक भूखंडों का इस्तेमाल कर सकेंगे। फ्लैटेड फैक्ट्री में पहली बार भू आच्छादन व एफएआर का उल्लेख किया गया है। गीडा सीईओ पवन अग्रवाल ने

GIDA
GORAKHPUR INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY

कहा कि निवेशकों के लिए गीडा की नई भवन नियमावली तैयार की गई है। पहली बार यह सुविधा मिली है। अब निवेशक एफएआर खरीद सकेंगे। भू आच्छादन और स्वीकृत एफएआर भी बढ़ाया गया है। निवेशक अधिक से अधिक भूखंडों का उपयोग भी कर सकेंगे।

# मुख्यमंत्री ने एस के डी अकादमी स्पोर्ट्स शिक्षक राधे श्याम सिंह को प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान से किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी के राधे श्याम सिंह स्पोर्ट्स शिक्षक को यू पी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। एस के डी अकादमी के स्पोर्ट्स टीचर राधे श्याम सिंह को यू पी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राधे श्याम सिंह पिछले 23 वर्षों से एस के डी अकादमी में खेल शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं एवं अभी सभी शाखाओं के सबसे सीनियर स्पोर्ट्स टीचर हैं । सभी बच्चे उन्हें आर एस सर के नाम से सम्बोधित करते हैं। उन्होंने उनकी खेल से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि 1986 में सियोल एशियाई खेल में हैमर थ्रो में भारत का प्रतिनिधित्व किया, ट्रैक एंड फील्ड एशियाई खेलों में सिंगापुर में स्वर्ण पदक विजेता रहे, श्रीलंका में एवं मलेशिया में भी भारत को स्वर्ण पदक जिताने में कामयाब रहे । यू पी में हैमर थ्रो में हमेशा रिकॉर्ड बनाया, इसके अलावा आल इंडिया सर्विसेज रिकॉर्ड भी रहा। एस के डी में स्पोर्ट्स टीचर से पूर्व इन्होने 25 वर्ष भारतीय सेना में 4 राजपूत फतेहगढ़ सेंटर में रहकर देश की सेवा भी की है। इस अवसर पर एस के




डी ग्रुप के चेयरमैन एस के डी सिंह एवं संस्थापक मनीष सिंह ने एस के डी ग्रुप की तरफ से आर एस सर को बुके मोमेंटो एवं शाल से सम्मानित करने की घोषणा की व कहा कि कल 26 जनवरी को झंडारोहन के पश्चात् सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के समक्ष श्री आर एस सिंह को सम्मानित करेंगे। उन्होंने हम सभी को गौरवान्वित किया है व हमारी संस्था का नाम रोशन किया है। हमें गर्व है कि ऐसे अभूतपूर्व खिलाडी हमारी संस्था में हैं एवं अपने अनुभवों से लगातार आने वाली पीढ़ी को बच्चों को सही प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# आप सांसद संजय सिंह समेत चार आरोपियों की सजा पर रोक : जुर्माने की आधी धनराशि जमा करने का आदेश

सुल्तानपुर ब्यूरो : सड़क जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट से पिछले दिनों तीन माह की कैद व डेढ़–डेढ़ हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाए जाने के खिलाफ मंगलवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह समेत चार आरोपियों की ओर से जिला जज की कोर्ट में अपील दाखिल की गई है। प्रभारी जिला जज/एडीजे राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने सांसद समेत चार आरोपियों की सजा पर रोक लगाते हुए जुर्माना की आधी धनराशि जमा करने का आदेश दिया है। प्रभारी जिला जज ने सांसद समेत चार आरोपियों को मिली जमानत को अपील निस्तारण की अवधि तक बढ़ा दिया है। कोर्ट के आदेश से सांसद समेत चारों आरोपियों को राहत मिल गई है। मामला कोतवाली नगर से जुड़ा है। शहर में हो रही बिजली कटौती व पानी की समस्या को लेकर अनूप संडा (बाद में सपा से विधायक हुए) व उनके सहयोगी रहे संजय सिंह (अब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद) ने 19 जून 2001 को कोतवाली नगर के गभड़िया ओवरब्रिज के उत्तरी छोर के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने अनूप संड़ा, संजय सिंह, समेत 10 नामजद और 35 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने संजय सिंह, अनूप संडा, विजय सेक्रेटरी, कमल श्रीवास्तव, सुभाष चौधरी व संतोष वर्मा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। पिछले 11 जनवरी को एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने



सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप संडा, विजय सेक्रेटरी, कमल श्रीवास्तव, सुभाष चौधरी व संतोष वर्मा को दोषी मानते हुए तीन माह की कैद और प्रत्येक को डेढ़–डेढ़ हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने अपील दायर करने के लिए मौका देते हुए सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया था। मंगलवार को सांसद संजय सिंह, कमल श्रीवास्तव, विजय सेक्रेटरी व संतोष कुमार की ओर से उनके अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने जिला जज की कोर्ट में अपील दाखिल कर सजा को चुनौती दी।प्रभारी जिला जज/एडीजे राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने आप सांसद समेत चार आरोपियों की सजा पर रोक लगाते हुए जुर्माना की आधी धनराशि जमा करने का आदेश दिया है। प्रभारी जिला जज ने सांसद समेत चार आरोपियों को मिली जमानत को अपील निस्तारण की अवधि तक बढ़ा दी है। कोर्ट के आदेश से सांसद समेत चारों आरोपियों को राहत मिल गई है।

# पुरस्कार पाकर जुबां पर आई संघर्ष से सफलता तक की कहानी

लखनऊ ब्यूरो : पुरस्कार और सम्मान पाना किसी के लिए भी गर्व की बात हो सकती है। ऐसे में जब उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ खुद पुरस्कृत कर रहे हों तो कहना ही क्या। पुरस्कार पाने के बाद खुशी से चमकती आंखें, चेहरे पर आत्मविश्वास से भरी मुस्कान आ ही जाती है। इस दौरान संघर्ष से सफलता तक की कहानी सुनाना और रोमांचक हो जाता है। कुछ युवाओं ने बताया कि वे किस तरह अपने आगे के सफर को जारी रखेंगे। अमर उजाला ने जब पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ियों, शिल्पकारों व युवाओं से बात की तो उन्होंने कुछ यूं बयां की अपनी कहानी। कुछ करने के जज्बे से पहुंचा इस मुकाम पर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा मुझे खेल की दुनिया में ले आया। मेरे मन में बस एक ही इच्छा थी कि देश का नाम रोशन कर सकूं। परिवार में किसी का भी खेल से दूर–दूर तक नाता नहीं है। फुटबॉल खेलते–खेलते हैंडबॉल की ओर रुचि बढ़ गई। वर्ष 2012 में चोटिल हो गया था। ऐसा लगने लगा कि अब खेल छूट जाएगा। लेकिन कोच तौहीद खान ने प्रोत्साहित किया और अभ्यास शुरू करवाया। मेरे पिता एक सीएचसी में मेडिकल कर्मचारी थे और अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं। घर में पुरस्कार मिलने से मेरा ख्वाब तो पूरा हो गया, लेकिन अभी नौकरी नहीं मिली है। मोहित यादव, लक्ष्मण पुरस्कार 35 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला पुरस्कार खेल विभाग से फोन पर पुरस्कार की सूचना मिलने के बाद मैं दो दिन सो नहीं सका। आज जब मुझे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लक्ष्मण पुरस्कार दिया तो मैं खुद पर नियंत्रण नहीं रख सका। जिस पुरस्कार के लिए मैं पिछले कई वर्षों से आवेदन कर रहा हूं, वह इनके कार्यकाल में मिला। इससे साबित होता है कि उनके कार्यकाल में किसी के साथ अन्याय नहीं हो सकता है। मैं खेल विभाग की देखरेख में कई वर्षों तक तदर्थ प्रशिक्षक के तौर पर रहा हूं। चौक स्टेडियम पर मैंने लगातार ट्रेनिंग दी है। यदि सरकार मुझे कहीं भी जमीन उपलब्ध कराती हैं तो मैं बच्चों को निशुल्क ट्रेनिंग के लिए तैयार हूं। राधेश्याम सिंह, लखनऊ, लक्ष्मण पुरस्कार बाल अधिकारों के लिए जारी रहेगा संघर्ष 12 वर्षों से बाल अधिकारों के लिए काम कर रहा हूं। इसमें गरीब बच्चों को आरटीई से जोड़कर स्कूलों में उनका दाखिला करवाना। नाबालिग बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का प्रयास जारी है। बाल अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। अमरेंद्र यादव, आशियाना विवेकानंद यूथ अवॉर्ड युवाओं में कौशल विकास का लिया संकल्प युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम बीते नौ सालों से कर रहा हूं। इसके साथ ही संवाद नाम से अभियान चलाकर युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रहा हूं। सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को उनका लाभ दिला रहा हूं। रोहित कश्यप, गोमती नगर, विवेकानंद यूथ अवॉर्ड लड़कियों को खेलों के लिए प्रशिक्षित करती रहूंगी गांव गांव जाकर महिलाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करती हूं। नशा मुक्ति के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। मैं खुद रेसलिंग में स्टेट लेवल की खिलाड़ी हूं। मैं अपनी उम्र की लड़कियों को खेलों के लिए प्रशिक्षित भी कर रहीं हूं। ये प्रयास जारी रहेंगे। पल्लवी गुप्ता, सुल्तानपुर, रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार एक समय फीस के लिए भी पैसे नहीं थे पिता शिवशंकर शुक्ल व्यापार करते हैं, लेकिन एक समय ऐसा आया कि कारोबार चौपट हो गया। स्कूल की फीस जमा करने तक के पैसे नहीं थे लेकिन अभिभावकों ने कभी यह नहीं कहा कि खेल छोड़ दो। शुरुआती दौर में अतुल सर ने मुझे ट्रेनिंग दी। जब साई हॉस्टल में चयन हो गया, फिर मैंने कड़ी मेहनत की। दो वर्ष में जूनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेले लिए। इसके बाद सीनियर स्तर पर भी कई मुकाबले खेले। कामयाबी का श्रेय माता–पिता व प्रशिक्षकों को देती हूं। ज्योति शुक्ला, कानपुर, रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की मुहिम 2018 में सरकारी योजना के बारे में चला तो प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना मे लोन के लिए आवेदन किया। इसके चलते मुझे सरकार से दो लाख रुपये मदद मिली। इससे मैंने अपना व्यापार शुरु किया। अन्य महिलाओं को इससे जोड़ा। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की मुहिम जारी रहेगी। – सायरा बानो, महोना, लखनऊ खादी एवं ग्रामो उद्योग पुरस्कार

# छोटे मोटे रोजगार के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए – अजय शंकर दुबे




सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के धरमपुर बाजार में नीरज इलेक्ट्रॉनिक सेंटर का शुभारंभ किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुंगरा बादशाहपुर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय शंकर दुबे उपस्थित रहे. उन्होंने उद्घाटन समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नीरज इलेक्ट्रॉनिक के खुलने से धरमपुर बाजर का विकसित होना दर्शाता है और ऐसे में लोगों को दूर नहीं जाना होगा गांव और गली गली नीरज जैसे युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा के साथ साथ अच्छा कार्य करे हमसे जो भी सम्भव होगा हम सभी युवाओं के सहयोग लिए तैयार हैं. वहीं पर नीरज इलेक्ट्रॉनिक के मालिक मुंगरा बादशाहपुर के पत्रकार अंकित कुमार मौर्य ने आए हुए सभी क्षेत्र वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया. इस अवसर पर मानिकचंद मौर्य कोटेदार(रमगढा), राधेश्याम मौर्य, संगम लाल, हौसिला सिंह पूर्व प्रधान, गुड्डू यादव (प्रिंटिंग प्रेस), पुष्कर मिश्रा, मोनू मौर्या, सुमित मौर्या, जसवंत विश्वकर्मा, सुभाष मौर्य (प्रिंटिंग प्रेस) आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यटन स्थलों की नगरी बन रही गोरक्षनगरी : नक्शे पर उभरे ये स्थल

गोरखपुर ब्यूरो : पूर्वांचल में गोरक्षनगरी के पहचान अब पर्यटन स्थलों के शहर के रूप में होने लगी है। पहले जहां पर्यटन के नाम पर गोरखनाथ मंदिर, गीता प्रेस, तरकुलहा माता मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, रेल म्यूजियम आदि स्थल ही थे, वहीं अब रामगढ़ताल सहित दर्जनों पर्यटन स्थल विकसित हो गए हैं जहां लोग घूमना पसंद कर



रहे हैं। पिछले सवा पांच वर्षों में पर्यटन विकास को पंख लग गए हैं। पर्यटन विभाग ने 50 से अधिक योजनाओं पर काम कर पर्यटकों को आकर्षित करने का काम किया है। पर्यटन की आगे की योजनाओं में हैंगिंग रेस्टोरेंट, रामगढ़ताल में देश के सबसे ऊंचे फाउंटेन, चिलुआताल का कायाकल्प, कुसम्ही जंगल इको पार्क सहित कई योजनाओं पर काम चल रहा है। इसके साथ ही रामगढ़ताल वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अप्रैल में राष्ट्रीय जल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। पर्यटन के नक्शे पर उभरे ये स्थल गोरखनाथ मंदिर में साउंड एंड लाइट शो, राम प्रसाद बिस्मिल स्मारक, चौरीचौरा शहीद स्मारक, डोहरिया कला स्मारक, भरोहिया शिव स्थल, सूर्यकुंड धाम, मुंजेश्वरनाथ मंदिर, मोहद्दीपुर व जटाशंकर गुरुद्वारा, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानसरोवर मंदिर, मानसरोवर रामलीला मैदान, कबीर धूनी, गोरख तलैया, रामलीला मैदान बर्डघाट, रामगढ़ताल लाइट एंड साउंड शो आदि स्थल पर्यटन के नक्शे पर उभरे हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में गोरखपुर तेजी से उभरा है। शहर को पर्यटन स्थलों के शहर के रूप में पहचान मिल चुकी है। यहां पर्यटन की संभावनाओं को जमीन पर उतारने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002
RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।